# प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ आमजन भी उत्साहित : गुंजल


कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल पत्रकारों से रुबरु हुए।

- ऐतिहासिक होगी 10 सितंबर की आक्रोश रैली
- वोट चोरी का सच देश प्रदेश की जनता के सामने आया : त्यागी
- 'प्रदेश की सरकार हर मोर्चे पर विफल'

**कोटा,** (निसं)। देश हिटलरशाही की और आगे बढ़ रहा है, केंद्र व प्रदेश की सरकारे अपने आप को संविधान, न्यायपालिका व कानून से ऊपर समझने लग गई है, संवैधानिक संस्थाओं पर केंद्र सरकार का कब्जा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है पुलिस व अपराधी में कोई फर्क नहीं रहा, प्रदेश में आम आदमी से लेकर किसान, नौजवान, बेरोजगार सरकार का अन्याय व अत्याचार सहने को मजबूर है। पौने दो साल में ही प्रदेश का आमजन सरकार की कार्यशैली को लेकर आक्रोशित है।

यह आक्रोश कोटा जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित होने वाली 10 सितंबर की रैली में सड़कों पर नजर आएगा यह बात पूर्व विधायक व कोटा से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पौने दो साल हो गए हैं प्रदेश में व 11 साल से केंद्र में भाजपा की सरकार है परंतु देश व प्रदेशवासियों को सरकार के होने का एहसास ही नहीं हो रहा है। देश व प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, किसान, जवान यह मुद्दे गौण हो गए हैं भाजपा सिर्फ धार्मिक उन्माद के आधार पर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज नहीं रहा है आम आदमी के साथ थानों में अपराधियों जैसा व्यवहार किया जाता है वही सत्ताधारी दल के लोगों के साथ अपराधी होने पर भी पुलिस हाथ तक नहीं डालती है। शहर का विकास पूरी तरह से ठप्प पड़ा है शहर वासियों को गड्ढों में सड़के ढूंढनी पड़ रही हैं। इन सभी मुद्दों को लेकर कोटा जिला का आमजन सड़कों पर उतरेगा। और प्रदेश ही नहीं देश की सरकार का ब्लड प्रेशर बढ़ा देगा।

**बाढ़ व अतिवृष्टि पर स्पेशल पैकेज जारी करें सरकार:-** प्रहलाद गुंजल ने कहा कि कोटा ही नहीं समूचा हाड़ौती का ग्रामीण व किसान बाढ़ से पीड़ित है। अभी तक सरकार के मंत्री, विधायक व सांसद सिर्फ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा ही कर नौटंकी रहे हैं। हाड़ौती में कई स्थानों पर गांव के गांव तबाह हो गए हैं, फासले बर्बाद हो गई है, बड़ी संख्या में मवेशी बाढ़ में बह गए हैं परंतु सरकार अतिशीघ्र सर्वे करवाकर मुआवजा देने के बदले सिर्फ कागजी नौटंकी में ही व्यस्त है। उन्होंने कहा कि आपदा राहत में मौजूद तय मापदंडों के अनुसार मिलने वाला मुआवजा जिस तरह का नुकसान हुआ है उसके आगे ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर है। गुंजल ने कहा की सरकार को स्पेशल पैकेज जारी करते हुए किसानों व ग्रामीणों को हुए नुकसान का पूरी भरपाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी 10 सितंबर के प्रदर्शन में ग्रामीणों व किसानों की मांग को पुरजोर तरीके से उठाएंगे और यदि फिर भी सरकार नहीं जागती है तो यह लड़ाई 10 सितंबर के बाद भी आगे जारी रहेगी।

**वोट चोरी की शुरुआत कोटा से:-** शहर जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने कहा कि देश में मोदी व शाह को वोट चोरी की सलाह देने वाले नेता हमारे कोटा में ही बैठे हैं। उन्होंने अपने सभी चुनाव में भारी वोट चोरी की है। त्यागी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कोटा के सांसद ओम बिरला के मकान में 500 से अधिक वोटरों के नाम दर्ज थे जिसकी सूची भी मेरे पास उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी की सलाह हमारे सांसद ने ही मोदी शाह को दी है जिसका प्रयोग को आज वह पूरे देश में कर रहे हैं। राजस्थान सरकार की विफलताओं, कानून व्यवस्था, बारिश से हुई अतिवृष्टि को लेकर सरकार पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाया।

देहात जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि अतिवृष्ट के कारण फसलें पूर्ण रूप से नष्ट हो चुकी है, सैकड़ों मवेशी बाढ़ में बह गए हैं, लोग आज भी स्कूलों व धर्मशाला में पड़े हुए हैं। सरकार सिर्फ फोटो खिंचाने की राजनीति कर रही है। स्मार्ट मीटर पर बोलते हुए भानु प्रताप सिंह ने कहा स्मार्ट मीटर लगाने वालों को गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा सरकार स्मार्ट मीटर के नाम पर आमजन को लूटने का प्रयास कर रही है।

रामगंजमंडी के कांग्रेस नेता महेंद्र राजोरिया ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार आमजन के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है, आमजन के अधिकार छीने जा रहे हैं यदि ऐसा ही चला रहा तो ये देश को फिर एक बार गुलामी के रास्ते पर ले आएंगे। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि हमें जागना होगा और अपने अधिकार के लिए सड़कों पर उतरना होगा।

प्रेस वार्ता में उपस्थित पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, शहर अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, देहात अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, देहात महिला कांग्रेस के अध्यक्ष गायत्री मीणा, रामगंजमंडी के कांग्रेस नेता महेंद्र राजोरिया सहित सभी ने कोटा जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित आमजन से 10 सितंबर देश व प्रदेश की सरकारों की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध होने वाले प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि 10 सितंबर को होने वाला यह प्रदर्शन देश व प्रदेश की सरकार को बेचैन कर देगा।

जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने बताया कि कोटा में होने वाली जन आक्रोश रैली में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित प्रदेश के कई नेता शामिल होंगे। रैली के लिए प्रदेश के सभी नेताओं को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र चल रहा हैं जिसके चलते कई नेताओं की स्वीकृति आना बाकी हैं कल तक और भी नेताओं की स्वीकृति आ जाएगी।

# पिछले साल से कठिन रहा मैथ्स की इंडियन ओलंपियाड क्वालीफायर परीक्षा का स्तर

- लगातार मुश्किल हो रहा आईओक्यूएम

**कोटा,** (निसं)। होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन की ओर से कक्षा 8 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए मैथ्स की इंडियन ओलंपियाड क्वालीफायर परीक्षा रविवार को सम्पन्न हुई। इस बार एग्जाम में पूछे गए सवाल पिछले साल की तुलना में ज्यादा कठिन थे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि पेपर में कुल 51 अंकों के प्रश्न कठिन थे। ऐसे में कटऑफ पिछले साल के मुकाबले कम रहने की संभावना है। परीक्षा परिणाम अगले माह घोषित होने की उम्मीद है। परिणाम के आधार पर मेरिट सर्टिफिकेट जारी किए जाएंगे और योग्य विद्यार्थियों का अगले चरण के लिए चयन किया जाएगा।

मोशन एजुकेशन फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक हुआ। कोटा में इसके लिए 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। देशभर से इस परीक्षा में लगभग 80 हजार से 1 लाख विद्यार्थियों के शामिल होने का अनुमान है।

प्रश्न पत्र कुल 100 अंकों का था और इसमें 30 प्रश्न पूछे गए। इनमें 2, 3 और 5 अंकों के 10-10 प्रश्न शामिल थे। इसमें एल्जेब्रा से 9, नंबर थ्योरी और ज्योमेट्री से 8-8 तथा कॉम्बीनेटरिक्स से 5 प्रश्न थे। इनमें से 5 अंकों के 9 और 3 अंकों के 2 प्रश्न कठिन स्तर के थे। वहीं 2 अंकों के 2, 3 अंकों के 7 और 5 अंकों का एक प्रश्न मध्यम स्तर का था। इस तरह केवल 19 अंकों के प्रश्न ही ऐसे थे, जिन्हें सामान्य विद्यार्थी के स्तर का माना जा सकता है। यही कारण है कि इस बार का कठिनाई स्तर पिछले वर्ष से ज्यादा बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मैथ्स की इंडियन ओलंपियाड क्वालीफायर (आईओक्यूएम) परीक्षा का स्तर अक्सर छात्रों के लिए चुनौतीपूर्ण माना जाता है। यह परीक्षा केवल रटने पर आधारित नहीं है, बल्कि गणितीय सिद्धांतों की गहरी समझ और उन्हें लागू करने की क्षमता का परीक्षण करती है।

इसमें जटिल और चुनौतीपूर्ण प्रश्न होते हैं, जिन्हें हल करने के लिए विश्लेषणात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल की आवश्यकता होती है। यह अंतरराष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड (आईएमओ) की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, इसलिए इसका स्तर स्वाभाविक रूप से चुनौतीपूर्ण रहता है। यह परीक्षा छात्रों को गणित की जटिल और गहन समस्याओं को सीमित समय में हल करने का अभ्यास कराती है और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप तैयार करती है।

# बैग पाकर बच्चों के चेहरे खिले

**रामगंजमंडी,** (निसं)। क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुदायला में सोमवार को वरिष्ठ अध्यापक ममता जैन व परिवारजनों ने स्कूल में कक्षा 1 से 5 के 105 बच्चों को बैग वितरित किए गए। बैग पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश जोशी ने कहा कि कुदायला क्षेत्र में ज्यादातर मजदूरों के बच्चे विद्यालय में पढ़ते हैं, ऐसे में भामाशाह द्वारा बैग वितरित करने से बच्चों को आर्थिक संबल प्रदान होगा।

इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा भामाशाह ममता जैन (वरिष्ठ अध्यापिका) व उनके परिवारजन ललित कुमार जैन, तन्मय जैन, गुंजन जैन व विभौर जैन का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक हरीश कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

इस दौरान प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश जोशी, स्टाफ सचिव विष्णु प्रकाश आचार्य, अध्यापक हरीश कुमार शर्मा, महेन्द्रसिंह भाटी, दीपक तिवाड़ी, सुभाष तंवर, अमृतलाल व मंतेश बाई गुर्जर सहित अन्य स्टाफ एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण की मांग की

**छबड़ा** (निसं)। पचपाडा के डाकपुरा गांव के ग्रामीणो ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण की मांग की। दीपक त्यागी ने बताया की डाकपुरा की हालत काफी दयनीय है। ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेषानी का सामना करना पड रहा है। स्कूल जाते समय बच्चे गिर जाते हैं।

गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने के लिए ना कोई साधन आते हैं ना जा पाते है। चार पाई के माध्यम से गर्भवती महिला को उठाकर मुख्य रोड़ तक लाया जाता हैं। इस गम्भीर समस्या का षीघ्र ही निराकरण किया जाएं। यहां निलेश नागर, हेमराज मीणा, फूलसिंह मीणा, भारतसिंह, राजकुमार मीणा, देवेंद्र, नरेश, पवन, जगदीश, रोहित, लक्ष्मण आदि मौजूद थे।

# क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया, कलश की शोभायात्रा निकाली


छबड़ा में दिगंबर जैन समाज ने क्षमावाणी पर्व पर स्वर्ण एवं रजत कलश की शोभायात्रा निकाली।

**छबड़ा** (निसं)। दिगंबर जैन समाज ने बुधवार को पर्व राज पर्युषण पर्व के समापन के बाद क्षमावणी का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया। समाज द्वारा क्षमावाणी पर्व पर स्वर्ण एवं रजत कलश की शोभायात्रा निकाली तथा एक-दूसरे से गत वर्ष की गई भूलों की क्षमा याचना की। इस अवसर पर मंदिर में अभिषेक शांति धारा के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

समाज अध्यक्ष प्रकाश चन्द लुहाड़िया के अनुसार स्वर्ण कलश की बोली रिषभचन्द नरेंद्र कुमार, गोरव कुमार, सोरभ कुमार पाटनी ने 91 सो रुपये में ली तथा रजत कलश की बोली प्रकाशचन्द, जितेन्द्र कुमार, शेलेन्द्र कुमार लुहाडिया ली। बाद में मंदिर से शोभायात्रा शुरू हो लकर छतरी चौराहा, ब्रह्ममपुरी मोहल्ला, चौधरी मोहल्ला, बाहरी दरवाजा मार्ग, झंडू चौराहा होती हुई वापस मन्दिर पर पहुंची, जहां भगवान के अभिषेक शांतिधारा कर पूजा एवं आरती की गई। रात्रि को प्रवचन के बाद सामूहिक क्षमावाणी का कार्यक्रम हुआ। जिसमें छोटो ने बड़ो के पैर छूकर क्षमा याचना की तथा सभी ने एकदूसरे से गत वर्ष की गई भूलो के लिये क्षमायाचना की। हमेशा की तरह परम्परा अनुसार समाज के लोग एक दूसरे के घरों पर गए एवं सभी ने एकदूसरे से क्षमा मांगी विशेष तौर से बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया।


# स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला

**छबड़ा** (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आह्वान पर नगर एवं खंड की शाखाओ द्वारा मुख्य मार्गो से कदम से कदम मिलाकर घोष की ताल पर पथ संचलन निकाला।

प्रचार प्रमुख अमृतलाल मीणा ने बताया कि मुख्य वक्ता शिवजी योगी सहजिला कार्यवाह ने कहा कि संघ इस वर्ष संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस वर्ष देशभर में पंच प्रण के माध्यम से समाज में विभिन्न अनुसांगिक संगठनों द्वारा सामाजिक गतिविधियों में सामाजिक और संघटनात्मक लक्ष्य को रेखांकित कर रहा है।

शताब्दी वर्ष कार्य विस्तार और सुदृढीकरण के साथ साथ हिंदू समाज और राष्ट्रीय एकता के लिए प्रतिबद्ध है।

संघ के मौजूदा कार्य को और अधिक मजबूत करने का संघ ने संकल्प लिया हैं। शाखा अनुसार हनुमान प्रभात शाखा, नीलकंठ शाखा छबड़ा, खोपर, गुगोर, कडैय़ानोहर में भव्य पथ संचलन निकाले गए। जगह-जगह रंगोली, पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया गया।


छबड़ा में कदम से कदम मिलाकर घोष की ताल पर पथ संचलन निकाला।


**NAME CHANGE**

I manju Sharma W/O suresh Sharma resident of plot no 30 shakti vihar borkheda kota that my sons in education documents my name manju Sharma entered but correct name is mukesh kumari . in future called me mukesh kumari for all purposes.

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम फखारुद्दीन शब्बीर हुसैन खांदुवाला से बदलकर नया नाम फखरुद्दीन खांदु रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-फखरुद्दीन खांदु पुत्र शब्बीर हुसैन खांदुवाला सेफीपुरा नई आबादी बांसवाड़ा**

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम नेहा मित्तल है सभी सरकारी दस्तावेजों में भी नेहा मित्तल नाम है कृपया मुझे इसी नाम से पहचाना जाए ना कि नेहा अग्रवाल नाम से।
निवास : 281 पाटनपोल कोटा

**खोया पाया**

मेरे मकान नं. एम.पी.बी.-80 महावीर नगर प्रथम के मूल दस्तावेजों में से निरस्तीकरण का पेपर कही रास्ते में गिर गया है। जिस किसी को मिले सूचित करने की कृपा करें।
**कौशल्या देवी, म.नं.-एम.पी.बी.-80 म.न. प्रथम कोटा**
**मो. 9928875501**

**खोया पाया**

दिनेश कुमार शर्मा पुत्र घनश्याम शर्मा 1-m-42 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का कब्जा पत्र व भौतिक कब्जा पत्र गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।


# खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी खैराबाद डॉ राजेंद्र मीणा द्वारा 8 सितम्बर सोमवार को जिला अस्पताल रामगंजमंडी का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सफाईकर्मी सोता हुआ मिला जिसे फटकार लगाई और कार्यस्थल पर अपनी सेवाएं सही तरीके से देने के लिये पाबंद किया। डॉ मीणा ने अस्पताल का सम्पूर्ण निरीक्षण किया और मौसमी बीमारियों के लिए मच्छर रोधी वार्ड बनाने के साथ सम्पूर्ण व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए सम्बंधित प्रभारियों को पाबंद किया।

उन्होंने अस्पताल मे निजी कम्पनी द्वारा संचालित दो डायलसिस मशीन में से एक मशीन खराब होने पर तुरन्त कम्पनी के मैनेजर से दूरभाष पर बात की तथा मशीन को जल्द से जल्द ठीक करवाने को कहा और जब तक मशीन ठीक नहीं हो जाती तब तक रविवार को छोड़कर अन्य सभी अवकाश के दिनों में भी एक मशीन द्वारा डायलसिस करने के निर्देश प्रदान किये।

नई लैब के निरीक्षण के दौरान लैब के पीछे मिले बायोवेस्ट के ढेर को देखकर सम्बंधित प्रभारी को फटकार लगाई और बायोवेस्ट को गाइडलाइन के अनुसार निस्तारण करने के लिये पाबंद किया।

उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को मुख्यालय पर ही रहते हुए किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के लिये कहा। डॉ मीणा ने सभी कार्मिकों को निर्धारित यूनिफार्म व आई कार्ड के साथ ड्यूटी पर रहने के लिए पाबंद किया। अस्पताल के बाहरी क्षेत्र मे फैले गोबर और गुटखे के पाउच को देखकर उन्होंने ओपीडी प्रभारी को साफ सफाई दुरुस्त रखने के लिए भी पाबंद किया।

डॉ मीणा ने सभी कार्मिकों को अपने अपने विभाग से सम्बंधित कार्यों को जिम्मेदारी से करने के लिए निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान नर्सिंग इंचार्ज कमलेश अजमेरा, सीनियर फार्मासिस्ट नीरज मीणा तथा नीरज मिश्रा उपस्थित रहे।

# पुलिस जवानों व आर्मी जवानों की संयुक्त रूप से ट्रेनिंग की हुई शुरूआत

**कोटा,** (निसं)। शहर पुलिस की कार्यकुशलता एवं दक्षता को लेकर शहर के पुलिस जवानों एवं सेना के जवानों की चार सप्ताह की संयुक्त ट्रेनिंग की शुरूआत सोमवार को आर्मी एरिया में की गई। शहर पुलिस के 25 जवान ट्रेनिंग में भाग लेंगे, जिसमे कोटा शहर पुलिस की ओर से पुलिस लाइन के उप निरीक्षक कमलदान चारण लाईजन आफिर रहेंगे।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि डिफेंस और पुलिस दोनों के पास अलग-अलग तकनीक और हथियारों का अनुभव होता है वही ट्रेनिंग के दौरान पुलिस जवान नए-नए हथियार चलाना, स्पेशल सर्च ऑपरेशन चलाना एवं बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदा में काम करना सीखेंगे। शहर एसपी ने कहा कि संयुक्त अभ्यास से ना केवल ट्रेनिंग बल्कि मानसिक रूप से भी दोनों दल एक- दूसरे के प्रति विश्वास और सम्मान विकसित करेंगे। शहर एसपी ने कहा कि डिफेंस का ट्रेनिंग सिस्टम बेहद अनुशासिता और रणनितिक होता है।

# पुलिस टीम व केडीए पर हमला करने वाले सात आरोपी पकड़े

**कोटा,** (निसं)। नान्ता पुलिस टीम ने नान्ता इलाके में अतिक्रमण हटाने के दौरान राजकार्य में बाधा उत्पन्न कर पुलिस टीम एवं केडीए कर्मचारियों पर हमला करने के दर्ज प्रकरण में कार्यवाही करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 12 अगस्त को ग्राम शंभूपुरा में विकास प्राधिकरण द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा राजकार्य में बाधा उत्पन्न कर पुलिस टीम एवं केडीए कर्मचारियों पर हमला किया। शहर एसपी ने बताया कि इस मामले में केडीए के तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने 13 अगस्त को नान्ता थाने में रिपोर्ट दी थी।

रिपोर्ट में कहा था कि शंभूपुरा में नान्ता थाना सहित अन्य थानों के जाप्ता लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान कुछ अतिक्रमी जिनमें फोरया, महावीर गुर्जर, रामदेव भील, मोहन गुर्जर, नेवा गुर्जर, जगदीश गुर्जर, राकेश गुर्जर, हंसराज गुर्जर, राजू, महादेव व अन्य पुरूष व महिलाएं आई और पुलिस टीम व केडीए कर्मचारियों पर लठ व पत्थरों से हमला कर दिया। रिपोर्ट में कहा कि हमले में कई कर्मचारी व पुलिस जवान घायल हो गये, अतिक्रमियों ने जेसीबी मशीन में भी तोड़फोड़कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। शहर एसपी ने बताया कि तहसीलदार की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। शहर एसपी ने कहा कि हमलावरों को गिरफ्तार करने के लिये पुलिस उपअधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन में नान्ता थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

गठित टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए सात आरोपी राकेश, नेवा लाल, हंसराज, मोहन, रामदेव व महावीर गुर्जर को गिरफ्तार किया है। शहर एसपी ने बताया कि टीम ने मामले में पूर्व में दस आरोपियों को गिरफ्तार किया था जिन्हे न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# दूसरे दिन भी दिए ज्ञापन

**छबड़ा** (निसं)। भारतीय किसान संघ ने भूलोन, कोटरापार, जैपला में किसानो से जुड़ी समस्याओ को लेकर ज्ञापन सौंपा। यहां तहसील अध्यक्ष हरिशंकर नागर, गजानंद लोधा, मनीश उपाध्याय, भगवानलाल नागर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# नेत्रदान संगोष्ठी एवं नेत्र रोगियों से संवाद के साथ नेत्रदान पखवाड़े का समापन

**कोटा,** (निसं)। आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान (कोटा चैप्टर) इकाई की ओर से सोमवार को सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेज़र सेन्टर कोटा में नेत्रदान पखवाड़े के तहत नेत्रदान जागरूकता संगोष्ठी एवं नेत्र रोगियों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सुवि नेत्र चिकित्सालय के निदेशक एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय एवं डॉ. विदुषी शर्मा ने नेत्रदान संगोष्ठी कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों का माल्यार्पण कर किया। नेत्रदान पखवाड़ा संगोष्ठी के अन्तर्गत सोसायटी के अध्यक्ष डॉ के. के. कंजोलिया, कॉर्डिनेटर एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय, आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान (कोटा चैप्टर) के सुरेश सेदवाल (सचिव), के. एल. गुप्ता (कोषाध्यक्ष), आई बैंक सोसायटी के सदस्य अजय गट्टानी, दीपक भार्गव, एवं जी. डी. पटेल (गायत्री परिवार) एवं आई बैंक कोटा के टैक्निशियन टिंकू ओझा, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सत्येन्द्र कुमार गुप्ता, रेटिना विशेषज्ञ डॉ. निपुण बागरेचा, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. डिम्पल भाकुनी, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुरभि मीणा, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. श्रीनिवास पवन, सहित सुवि नेत्र चिकित्सालय के स्टाफ सदस्य एवं 100 से अधिक नेत्र रोगी एवं उनके परिजन मौजूद थे।


सुवि नेत्र चिकित्सालय में नेत्रदान पखवाड़े का समापन हुआ।

आई बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर के. के. कंजोलिया ने नेत्रदान के बारे में सम्बोधित करते हुए बताया कि नेत्रदान प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया कि नेत्रदान मे मात्र कोर्निया निकाला जाता है जो 10 मिनट की रक्तविहीन प्रक्रिया है। इससे मनुष्य के शरीर में कुरूपता नहीं आती है यह मात्र भ्रांति है और इसमें ओ.टी. की भी आवश्यकता नहीं होती है।

नेत्रदान परिचर्चा में नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय ने बताया कि विश्वभर में प्रत्येक चार में से एक अंधता से पीड़ित दृष्टिबाधिता से पीड़ित व्यक्ति भारतीय है। यह अंधता भारत के लिए सबसे बड़ा अभिशाप व कलंक है।

नेत्रदान के प्रति जन-जन में भागीदारी की अलख जगानी होगी। नेत्रदान परिचर्चा के दौरान वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय ने नेत्र मॉडल के माध्यम से नेत्र की संरचना, विभिन्न नेत्र रोग, दृष्टि दोष इत्यादि की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आँखों का दान करना धर्म के विरूद्ध है। आँखें जीवित मनुष्य की निकाली जाती है। आँखों को निकालने के बाद चेहरा भद्दा दिखता है।

पूरी आँख का प्रत्यारोपण किया जाता है। मधुमेह, ब्लड-प्रेशर व दृष्टि-दोष वाले मनुष्य दान नहीं कर सकते। पुरूष के पुरूष की ही आँख लगाई जाती है। वृद्धों की आँख को काम में नहीं लिया जा सकता है।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन किया

**कोटा,** (निसं)। स्मार्ट मीटर लगाने एवं बिजली के निजीकरण के विरोध में सोमवार को भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में मजदूरों, कर्मचारियों ने रैली निकाल कर विरोध दर्ज कराया।

स्मार्ट मीटर का विरोध करते हुए मजदूरों, कर्मचारियों व महिलाओ ने जिला कलेक्ट्री से जयपुर विद्युत वितरण निगम कार्यलय तक रैली निकाल मुख्य अभियंता के सामने प्रदर्शन किया साथ ही मुख्यमंत्री के नाम मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा। माकपा जिला सचिव ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर की योजना को हाड़ौती का जागरूक बिजली उपभोक्ता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा।


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-369 **विक्रय स्वीकृति चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-8.9.25

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा योजना श्रीनाथपुरम-बी आवासीय का भूखंड/आवास संख्या 1375 डॉ. श्री मोहनमंत्री पुत्र श्री बल्लभ जी आवंटन/नीलामी पत्र दिनांक 24.04.1993 के द्वारा आवंटन किया गया था। अत: उक्त भूखंड की विक्रय स्वीकृति जर्ये मुख्तारआम श्री ओमप्रकाश गौड पुत्र श्री मनोहर लाल द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम विक्रय स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 1142 योजना विनोबा भावे नगर आवासीय की विक्रय स्वीकृति डॉ. श्री मोहनमंत्री पुत्र श्री बल्लभ जी जर्ये मुख्तारआम डॉ. श्री मोहनमंत्री पुत्र श्री बल्लभ जी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर**
**INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR**
**विज्ञापन सं. R/07/2025 दिनांक अगस्त 27,2025**

संस्थान निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है-

1. **मुख्य अभियंता**- 01 पद
(वेतन मैट्रिक्स का स्तर-14, रु. 144200-218200)

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि**-26.09.2025
शैक्षिक योग्यता, अनुभव और अद्यतन जानकारी के लिए यहां जाएं-
http://www.iitkgp.ac.in/non-teaching-positions

**कुलसचिव/Registrar**

CBC 21255/12/0011/2526